| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Dainik Jagran** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 01/11/2025 | **Page no** | 3 |
| **CCM** | 43.58 | | |


# Will make Delhi an ideal model of co-operation: Ravindra Indraj

# दिल्ली को बनाएंगे सहकारिता का आदर्श माडल : रविंद्र इंद्राज

## वसंत कुंज में पटेल जयंती पर एकता दौड़ में बोले मंत्री

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकता को मजबूत किया और सहकारिता आंदोलन को भी जनआंदोलन का रूप दिया। उनकी प्रेरणा से ही भारत ने सहयोग, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास की दिशा में कदम बढ़ाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह किसानों, पिछड़ों और वंचितों को सहकारिता से जोड़कर देश को स्वरोजगार देने और आत्मनिर्भर बनाने के सरदार पटेल के सपने को पूरा कर रहे हैं। भाजपा सरकार अब दिल्ली को भी सहकारिता का आदर्श माडल बनाने की दिशा में तत्पर है। यह बातें सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर वसंत कुंज में आयोजित रन फार यूनिटी में कही।

एकता दौड़ तीन श्रेणियों 14 वर्ष, 18 वर्ष व 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आयोजित थी, जिसमें एक हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



वसंत कुंज स्थित डीएवी स्कूल के पास एकता दौड़ के लिए झंडी दिखाकर धावकों को रवाना करते कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ● सौ. आयोजक

समापन पर तीनों ही श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले धावकों को मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह व साउथ जोन के डीसी दिल मीणा ने पुरस्कृत किया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' और 'सहकार से समृद्धि' के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प बनाया और वर्ष 2014 से देश इस दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। आयोजक व वसंत कुंज वार्ड के निगम पार्षद एवं महरौली भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगमोहन महलावत ने कहा कि सरदार पटेल ने आजादी के बाद के भारत के एकीकरण करने में अहम योगदान दिया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देसवाल, वेद प्रकाश, हन्नी गोंडियाल, बीरबल मिश्रा, बीर सिंह सोनी, विजेंद्र, अर्जुन गंडास, मनीष भार्गव, सुनील शर्मा, सुरेश यादव, धर्मपाल व अरुण डागर आदि रहे।

Downloaded from
SAMVAD